रविवार

11 जून, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




शराब छापेमारी के दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प 2


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


# योगी का एलान... हर साल हमारी सरकार देगी एक लाख सरकारी नौकरी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसजीपीजीआई में नव चयनित 1,442 स्टॉफ नर्सों को सौंपा नियुक्ति पत्र
- प्रमुख सचिव बोले- चिकित्सा शिक्षा विभाग में अगले पांच साल में 72 हजार पदों पर की जाएगी भर्ती

**एजेंसी/लखनऊ**



सीएम योगी ने चयनित 1442 स्टॉफ नर्सों को ज्वाइनिंग लेटर देते समय बड़ा ऐलान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उनकी सरकार हर वर्ष एक लाख सरकारी नियुक्तियों के साथ निजी क्षेत्र में 12 से 15 लाख नियुक्ति की संभावनाएं विकसित करेगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार द्वारा धरातल पर उतारे गए कार्यक्रमों को केंद्र सरकार देश भर में लागू कर रही है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को एसजीपीजीआई में नव चयनित 1,442 स्टॉफ नर्सों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए ये बातें कहीं। नर्सों की हौसला अफजाई करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका महत्व किसी भी स्थिति में डॉक्टरों से कम नहीं है। चिकित्सकों के मार्गदर्शन में नर्सिंग स्टाफ मरीज के साथ अपने व्यवहार और सेवा के माध्यम से आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि आज हर जनपद में मेडिकल कालेज के साथ साथ नर्सिंग कॉलेज भी बन रहा है। मिशन निरामया के अंतर्गत अक्टूबर 2022 में शुरू कार्यक्रम अब पूरे देश में लागू किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि छह साल में छह लाख सरकारी नियुक्तियां की जा चुकी हैं। पिछले छह वर्ष के दौरान हर वर्ष हमने 12 से 15 लाख निजी क्षेत्र में नौकरी की संभावनाओं को विकसित किया है।

2017 में जब हम आए थे तब उत्तर प्रदेश की बेरोजगारी दर 19 के आसपास थी, आज यह 3 और 4 फीसदी के बीच है। हमने पारदर्शी तरीके के साथ हर व्यक्ति को नौकरी की संभावनाओं से जोड़ने का काम किया है। पिछले छह वर्षों में हमने पुलिस विभाग में एक लाख 64 हजार से अधिक नियुक्तियां की हैं, बेसिक शिक्षा परिषद में 1 लाख 26 हजार शिक्षकों की भर्ती की, माध्यमिक शिक्षा में 40 हजार से अधिक भर्तियां कीं। इन नियुक्तियों पर कोई उंगली नहीं उठा सकता।

सीएम ने नर्सिंग स्टाफ को बेहतर व्यवहार की सीख देते हुए कहा कि बीमारी का तनाव आप अपने व्यवहार से कम कर सकते हैं। जब आप मरीज की पीड़ा को समझते हुए उसे आश्वस्त करते हैं कि ठीक हो जाओगे, चिंता मत करो तो आधी से अधिक बीमारी स्वतः ठीक हो जाएगी। आपको मरीज के साथ एक मनोवैज्ञानिक की तरह व्यवहार करना है।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार में नियुक्तियां अभ्यर्थियों की योग्यता और कौशल के आधार पर पूरी पारदर्शिता के साथ की गई हैं। जबकि पूर्व की सरकार में नियुक्तियां जुगाड़ व सिफारिश पर मिलती थी। परीक्षा से पहले ही तय हो जाता था कि किसको नौकरी मिलेगी? प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग में अगले पांच साल में 72 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी।

# अपनी हरकतों से बाज नहीं आ सकते राहुल गांधी: अमित शाह

**एजेंसी/अहमदाबाद**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी हाल ही में अमेरिका गए हुए थे। वहां उन्होंने मोदी सरकार पर जमकर हमला किया था। इतना ही नहीं उन्होंने यह तक कह डाला था कि मोदी भगवान को भी बता सकते हैं कि क्या करना है। इस पर अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा किसी भी नेता को शोभा नहीं देता कि वह विदेश में जाकर अपने देश को नीचा दिखाए। राहुल अपनी हरकतों से बाज नहीं आ सकते। वह भारत का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। हर विदेश यात्रा में वह अपनी गलतियों को दोहराते हैं।

केंद्रीय मंत्री गुजरात के पाटन जिले के सिद्धपुर कस्बे में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने हाल की अमरीका यात्रा के दौरान नरेंद्र मोदी सरकार की राहुल गांधी द्वारा की गई आलोचना का जिक्र किया। उन्होंने राहुल को अपने पूर्वजों से सीख लेने की सलाह दी।

शाह ने कहा कि किसी भी देशभक्त व्यक्ति को भारत के भीतर देश की राजनीति पर चर्चा करनी चाहिए न कि विदेश जाकर। उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी के नेता को विदेश जाकर देश की राजनीति पर चर्चा करना और देश की निंदा करना शोभा नहीं देता है।

## खबरें फटाफट

### शरद पवार ने बेटी सुप्रिया और प्रफुल्ल पटेल को बनाया कार्यकारी अध्यक्ष




**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में पिछले महीने शरद पवार की ओर से पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद जो भूचाल आया था, वह उनके इस्तीफा वापस लेने के बाद ही थमा था। हालांकि, इससे पार्टी में अंदरूनी हितों से जुड़े मुद्दे खुलकर सतह पर आ गए थे। इस बीच राकांपा में संगठन में बड़े बदलाव किए गए हैं। शरद पवार की ओर से एनसीपी में अब दो कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले का नाम भी शामिल है। वहीं, दूसरा नाम प्रफुल्ल पटेल का है। इस बीच एनसीपी में शरद पवार के भतीजे अजित पवार को यह अहम पद न देना अपने आप में कई सियासी संकेत देता है। दरअसल, पवार ने यह एलान एनसीपी की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर किए। इस दौरान अजित पवार मंच पर ही मौजूद थे। पवार ने प्रफुल्ल पटेल को मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, झारखंड, गोवा राज्य के अलावा राज्यसभा की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं, सुप्रिया सुले के पास महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, यूपी और लोकसभा की जिम्मेदारी दी गई है।

## सासाराम में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल हुए रक्षामंत्री

# 2047 तक भारत बन जाएगा विकसित राष्ट्र : राजनाथ सिंह

- वैश्विक वित्तीय विश्लेषकों के अनुसार भारत 2027 तक शीर्ष तीन देशों में शामिल होगा
- सासाराम में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम में भी शामिल हुए राजनाथ सिंह

**केटी न्यूज/सासाराम**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि देश तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा है और यह आजादी का शताब्दी समारोह मनाये जाने के समय तक एक विकसित राष्ट्र बनने वाला है। बिहार के रोहतास जिले के सासाराम में जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सिंह ने यह भी उल्लेख किया कि देश की सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव बढ़ता जा रहा है और विदेशी लोग इंडिया की जगह अक्सर भारत शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं। सिंह ने केंद्र में नरेन्द्र मोदी नीत सरकार बनने के बाद की अवधि का उल्लेख करते हुए कहा कि 2014 में, भारत विश्व की शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाओं की सूची में सबसे निचले स्थान पर था, लेकिन तब से एक संक्षिप्त अवधि में देश अब शीर्ष पांच में शामिल हो गया है। अमेरिका के एक बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवाएं कंपनी मॉर्गन स्टेनले की एक हालिया रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, वैश्विक वित्तीय विश्लेषकों का मानना है कि हम 2027 तक शीर्ष तीन देशों में शामिल होंगे। 2047 में देश की आजादी का शताब्दी समारोह मनाने तक हमें अब एक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेना चाहिए।

सिंह ने कहा, स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि आपके देश में दर्जी व्यक्ति को आकार देता है। हमारे देश में चरित्र व्यक्ति का निर्माण करता है। भाजपा नेता ने कहा कि वह इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, लेकिन कहा, धर्म से, हमारा तात्पर्य स्थानों और उपासना के तरीकों से नहीं है, बल्कि जीवन जीने के पूरे तरीके से है। यहां तक कि जहरीले सांप को भी गाय का दूध पिलाया जाता है।

उन्होंने संस्कार के महत्व का उल्लेख करते हुए अमेरिकी लेखक थॉमस फ्रेडमैन के एक आलेख का हवाला देते हुए कहा कि भारत की एक प्रमुख आईटी कंपनी इंफोसिस और वैश्विक आतंकी संगठन अलकायदा, किस तरह से अत्यधिक शिक्षित युवाओं पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा, यह संस्कार है जिसने ये सारे अंतर लाये हैं। न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर विमान से हमला करने वाले युवा कौशल प्राप्त और अत्यधिक शिक्षित थे. वहीं, दूसरी ओर, कई युवाओं ने अपने स्टार्ट-अप को बड़ी कंपनी में तब्दील कर दिया है।

### सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में होगी पूर्ण बहुमत की सरकार

सासाराम में भारतीय जनता पार्टी के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम में भाग लेने देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी. साथ ही साथ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी की भी तारीफ की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह दुल्हन के पांव घर में पड़ते ही लोगों को समझ में आ जाता है कि घर-परिवार का भविष्य कैसा है? ठीक उसी तरह प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी जब से बिहार का बागडोर संभाले हैं, तब से ऐसा लगने लगा है कि बिहार की भाजपा को उसका सम्राट मिल गया है और भाजपा का यह सम्राट बिहार के जन-जन पर राज करेगा। ऐसा उन्हें पूर्ण विश्वास है। उन्होंने इशारों इशारों में सम्राट चौधरी के नेतृत्व की घोषणा कर दी तथा कहा कि पांव से लेकर सिर तक देखने के बाद उनके हृदय में ऐसा लग रहा है कि बिहार का सम्राट मिल गया है।

उन्होंने दावा किया कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता है। बता दें कि वह सासाराम के जमुहार में स्थित देव मंगल सभागार में पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक भी किया। केंद्र सरकार के 9 साल पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी भी उपस्थित हुए। साथ ही भाजपा सांसद छेदी पासवान, सुशील सिंह, विधान परिषद निवेदिता सिंह, संतोष सिंह आदि भी उपस्थित हुए।

# बिहार पुलिस में 21,391 पदों पर होगी बहाली 20 जून से 20 जुलाई तक देना होगा आवेदन

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार की महागठबंधन सरकार ने बिहार पुलिस में नियुक्तियों के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है। सिपाही के 21,391 पदों के लिए केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा लेगा। बिहार पुलिस के सिपाही संवर्ग सामान्य सशस्त्र में विभिन्न जिलों बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की वाहिनी यों एवं अन्य इकाइयों में 21700 से 69100 वेतनमान लेवल 3 के लिए यह रिक्तियां आई हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया 20 जून से शुरू होगी और यह 20 जुलाई 2023 तक चलेगी। आवेदन की तारीख खत्म होने के बाद आवेदन पत्रों की जांच की जाएगी



और जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र अवैध पाए जाएंगे उनके लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

लिखित परीक्षा का स्तर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की दसवीं कक्षा अथवा समकक्ष स्तर का होगा। मतलब, मैट्रिक स्तर की परीक्षा होगी। लिखित परीक्षा में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और जनरल नॉलेज व करंट अफेयर्स से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके लिए 2 घंटे का समय मिलेगा प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक मिलेगा। लिखित परीक्षा मंप 30% से अधिक अंक लाना अनिवार्य होगा, क्योंकि 30% से कम अंक लाने वालों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए असफल घोषित कर दिया जाएगा। इसके लिए 2 घंटे का समय मिलेगा प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक मिलेगा। लिखित परीक्षा में 30% से अधिक अंक लाना अनिवार्य होगा। आवेदन के लिए 1 अगस्त 2022 तक इंटरमीडिएट यानी 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।






## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार की राष्ट्र सेविका संघ आज से शुरू करेगा नया अभियान

# गर्भवतियों को गीता और रामायण पढ़ने को प्रेरित करेगा संघ

**एजेंसी/दरभंगा**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार की राष्ट्र सेविका संघ रविवार को एक नया कैंपेन लॉन्च करने वाली है। इसके तहत संघ गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान धार्मिक ग्रंथ पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी। सेविका संघ की संवर्धिनी न्यास विंग के डॉक्टर्स पूरे देश में इस योजना को लागू करने में मदद करेंगे। संघ का कहना है कि गर्भ संस्कार एक पवित्र और वैज्ञानिक पद्धति से गर्भावस्था के लिए तैयार किया गया है।

**खाने और माहौल के बारे में भी दी जानकारीः** न्यास विंग ने बताया कि रविवार से इस योजना को पूरे देश में लागू किया जाएगा। हम गर्भवती महिलाओं को धार्मिक ग्रंथ, जैसे



भगवद्गीता और रामायण पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। उन्हें मंत्रोच्चारण और योग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इससे जब उनकी संतान होगी तो वह देशभक्त और संस्कारी होंगे। पवित्र और वैज्ञानिक पद्धति से कोख में पल रहे बच्चे को संस्कृति और मूल्यों और इतिहास की जानकारी दी जाएगी और बच्चे के दो साल होने तक ऐसा किया जाएगा। इससे बालक-बालिका देशभक्त होंगे और संस्कारी बनेंगे। न्यास विंग इसके साथ ही महिलाओं और उनके परिजनों को अच्छे खाने और माहौल के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। न्यास का कहना है कि उन्होंने देश को पांच क्षेत्रों में बांटा है। हर क्षेत्रों में 10-10 डॉक्टर्स होंगे। हर एक डॉक्टर अपने क्षेत्र की 20 गर्भवती महिलाओं को गर्भ संस्कार योजना से जोड़ेंगे।

### नॉर्मल डिलीवरी के लिए महिलाओं को कराएंगे योग

न्यास के अनुसार, महिलाओं को मंत्रोच्चारण, गीता और रामायण सहित अन्य धार्मिक ग्रंथों से जोड़ा जाएगा। मंत्र चूंकि संस्कृत में होते हैं, इसलिए यह स्वास्थ्य और अजन्मे बच्चे के लिए लाभदायक है। इससे बच्चे का पूर्ण रूप से विकास होगा। वैज्ञानिकों ने भी माना है कि चार महीने बाद से बच्चा गर्भ में सुनना शुरू कर देता है। इस वजह से परिवार सही समय में उससे बात कर सकते हैं, जिसके लिए हम उसे निर्देश भी देते रहेंगे। परिजन बच्चों को अपने परिवार, भारत, अपने राज्य, भारत के बड़े व्यक्तित्व के बारे में अपने संस्कृतियों के बारे में बताएंगे। महिलाओं को योगा सिखाया जाएगा, इससे डिलीवरी के दौरान उन्हें आराम मिलेगा।

# रेरा से रजिस्ट्रेशन कराए बगैर बिहटा के टाउनशिप में हो रही प्लॉट की बिक्री

**पटना।** पटना से सटे बिहटा इलाका में बड़े-बड़े टाउनशिप में प्लॉट की बिक्री की जा रही है। डेवलपर्स प्रोजेक्ट पूरा होने पर एक्शटेंशन कर प्लॉट की बिक्री कर रहे। फिर भी रेरा से निबंधन नहीं ले रहे। रेरा भी इतने बड़े-बड़े प्रोजेक्ट जो निबंधित नहीं हैं, उन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। बिहटा में स्मार्ट सिटी नाम से एक बड़ा प्रोजेक्ट है। पैथोज ग्रुप की तरफ से स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। लेकिन यह प्रोजेक्ट गैर निबंधित है। इसी इलाके में इस कंपनी का दूसरा प्रोजेक्ट है जो निबंधित है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट देखने में भले ही आपको स्मार्ट दिखे, पर कागज में स्मार्ट नहीं है। लिहाजा प्लॉट की बुकिंग से पहले कंपनी से एक बार जरूर रेरा निबंधन के बारे में पूछें।

**पेपर में स्मार्ट नहीं है बिहटा का स्मार्ट सिटी :** पैथोज रियलवेज की तरफ से बिहटा के देवकुली में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर वर्षों से काम किया जा रहा है, लेकिन अब तक रेरा से निबंधन नहीं लिया गया है। रेरा की तरफ से भी इस गैरनिबंधित प्रोजेक्ट को लेकर कोई ठोस एक्शन नहीं लिया गया है। कंपनी की तरफ से ग्राहकों को स्मार्ट सिटी में प्लॉट बुक कराने को लेकर लगातार संपर्क किया जा रहा। बताया जाता है कि यह प्रोजेक्ट 2018 से पहले का ही है। अब उसमें एक्शटेंशन कर और बढ़ाया जा रहा। प्लॉट को दिखाने को लेकर सर्विस देने की बात कही जा रही है। यानि ग्राहकों को येन-केन-प्रकारेण तैयार किया जा रहा है। टाउनशिप बसाना, प्लॉट की बिक्री करना गलत नहीं, लेकिन रेरा का निबंधन भी उतनी ही जरूरी है।




**अर्च ग्रुप के चार प्रोजेक्ट व ड्रीम सिटी भी गैरनिबंधित :** नौबतपुर इलाके में बड़े पैमाने पर टाउनशिप बसाने का काम चल रहा है। इनमें तो कई प्रोजेक्ट रेरा निबंधित हैं तो कुछ प्रोजेक्ट हवा में ही है। यानि बिना निबंधन के ही टाउनशिप बसाने का खेल किया जा रहा है। बिहटा और नौबतपुर में बिना निबंधन वाले प्रोजेक्ट की भरमार है। रेरा ने 1 जून को ही नौबतपुर इलाके में गैर निबंधित प्रोजेक्ट पर काम कर रहे अर्च ग्रुप पर 17 लाख रू का जुमार्ना लगाया है। बिहटा इलाके में भी एक ऐसा ही प्रोजेक्ट है ड्रीम सिटी, जो रेरा से निबंधित नहीं है, इसके बाद भी सोशल मीडिया पर प्लॉट की बिक्री को लेकर जमकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा। ड्रीम सिटी को बिहटा के लई इलाके में बसाया है। सोशल मीडिया पर जो जानकारी दी गई है उसके अनुसार, बेश बिल्डर्स नाम की कंपनी इस टाउनशिप पर काम कर रही है। बिहटा के लई रोड में 'ड्रीम सिटी' प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। कंपनी का नाम है बेश बिल्डर्स । इस प्रोजेक्ट का विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्लॉट की बिक्री को लेकर ग्राहकों को बताया जा रहा। दाम क्या है, इस बारे में ग्राहकों को जानकारी दी जा रही है। बड़ा सवाल यह है कि जब सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर विज्ञापन जारी किया गया है तो प्रोजेक्ट रेरा से निबंधित है ? इसके लिए रेरा के वेबसाईट पर सर्च किया गया। ड्रीम सिटी नाम से किसी प्रोजेक्ट का रेरा में निबंधन नहीं है। न ही बेश बिल्डर्स का कोई प्रोजेक्ट रेरा से निबंधित है। जबकि बिना निबंधन बिक्री के लिए प्लॉट-फ्लैट का प्रचार-प्रसार करना नियम विरूद्ध है। रेरा इस कृत्य के लिए जुमार्ना लगा सकती है।

**क्या है रेरा कानून :** रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 (रेरा) भारतीय संसद द्वारा पारित एक कानून है। रेरा घर खरीदारों के हितों की रक्षा करने और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

## खबरें फटाफट

### भोजपुर में ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी सहित दो की मौत

**आरा।** भोजपुर में शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी सहित दो महिलाओं की मौत हो गयी। यह घटनाएं दानापुर-पीडीडीयू और आरा-सासाराम रेलखंड पर हुई है। आरा-सासाराम रेल खंड पर गडहनी-बागर पथ पर रेलवे क्रासिंग फाटक के पास दोपहर करीब एक बजे ईएमयू की चपेट में आने से किशोरी की मौत हो गई।मृत किशोरी चरपोखरी थाना क्षेत्र के हरपुर चांदी गांव निवासी शिवकुमार पासवान की पंद्रह वर्षीय अस्मिता कुमारी थी। उसके भाई अमरजीत कुमार ने बताया की उसकी बहन दिमागी रूप से कमजोर थी।वह घर से अपनी बहन के घर नासरीगंज जाने की बात कह निकली थी। इस बीच गड़हनी के पास रेलवे लाईन पर वह ट्रेन की चपेट में आ गयी। सूचना मिलने पर चरपोखरी थाने की पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। किशोरी दो भाई व पांच बहन में चौथे नंबर पर थी। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया हैं। इधर, दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बनाही रेलवे स्टेशन के समीप डाउन लाइन पर शुक्रवार की देर रात ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात 30 वर्षीया महिला की मौत हो गई।

### औरंगाबाद में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र के सरावाक गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में प्रथम पक्ष से वकील दास, शशिकांत कुमार, श्रीकांत कुमार, रीना देवी और द्वितीय पक्ष से संतन दास एवं राज कपूर दास घायल हो गए। सभी घायलों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कासमा पुलिस द्वारा भर्ती करवाया गया। घायलों को डॉक्टर संतोष कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें शशिकांत कुमार ,श्रीकांत कुमार, मीना देवी ,संतन दास एवं राज कपूर को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में रीना देवी ने बताया की बीते रात्रि राज कपूर शराब के नशे में आकर बेवजह गाली गलौज करने लगा। मना करने पर मारपीट कर दिया। जिसमें मेरे दो, पुत्र पति एवं मैं खुद घायल हो गयी। वही इस घटना की जानकारी देते हुए संतन दास ने बताया की जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटी है। मौके पर पहुंची कासमा थाना पुलिस ने घटनास्थल से सभी घायलो को उठा कर रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया है। घायलों का डॉक्टर संतोष कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें शशिकांत कुमार ,श्रीकांत कुमार, मीना देवी ,संतन दास एवं राज कपूर की स्थिति को गम्भीर देखते हुये बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# शराब छापेमारी के दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प, फायरिंग में महिला जखमी

- ❒ मखदुमपुर प्रखंड के पल्या गांव की घटना, गुस्साए लोगों ने किया गया-पटना मुख्य मार्ग को जाम
- ❒ शराब बेचने के आरोप में तीन महिलाओं की गिरफ्तारी के बाद भड़का लोगों का गुस्सा





**केटी न्यूज मखदुमपुर**

शनिवार की सुबह मखदुमपुर प्रखंड के पल्या गांव में अबकारी विभाग की टीम छापेमारी करने पहुंची थी। इस दौरान पुलिस टीम और ग्रामीणों के बीच झड़प हुई, जिसके बाद प्रशासन द्वारा तीन राउंड फायरिंग करने की बात सामने आ रही है। जिसमे एक महिला जख्मी हो गई। वहीं पुलिस ने शराब बेचने के आरोप में 3 महिलाओं को गिरफ्तार किया। जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने गया-पटना मुख्य मार्ग एनएच-83 को घण्टो जाम कर आगजनी कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं महिलाओं ने बताया कि आबकारी विभाग की टीम छः सात गाड़ी के साथ सुबह सुबह पहुंची और घरों में घुस दुर्व्यवहार करने लगी। इसी बीच ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प हुई। ग्रामीणों की ओर से पथराव किया गया जिसमें एक पुलिसकर्मी राजनंदन प्रसाद घायल हो गए। बाद में पुलिस की ओर से फायरिंग की गई जिमसें सोनम नामक एक महिला घायल हो गई।

वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पहुंचे मखदुमपुर नगर पंचायत के वार्ड नं 5 के पार्षद रितेश कुमार उर्फ चून्नु शर्मा ने कहा कि प्रशासन दमनकारी रवैया अपनाई हुई है। जो सही नहीं है। ये आश्चर्य की बात है कि पुलिस की ओर से तीन राउंड फायरिंग की गई और महिलाओं से दुर्व्यवहार किया गया, जो निंदनीय है। साथ ही उन्होंने शराबबंदी पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि हर दिन प्रशासन की ओर से छापेमारी की जाती है। तो फिर शराब कैसे बिक रहा है। प्रशासन के इस रवैया पर जिला प्रशासन को संज्ञान लेना चाहिए। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है, उन्हें जल्द छोड़ा जाए, वही मखदुमपुर पुलिस और नगरपंचायत के वार्ड सदस्य रितेश कुमार चुन्नू शर्मा के समझाने बुझाने के बाद सड़क जाम हटाया गया।

## ट्रक से 887 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज मखदुमपुर।** टेहटा ओपी की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 14 चक्का ट्रक से 887 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद किया है। साथ ही चालक और उप चालक को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए प्रभारी थाना अध्यक्ष अनिल चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एनएच 83 के मीरा बीघा हॉल्ट के समीप घेराबंदी कर गया से पटना की ओर जा रहे ट्रक की तलाशी ली गई। जिसमें 887 कार्टून शराब बरामद हुआ है। जो कुल 7 हजार 875 लीटर शराब होता है। उन्होंने बताया के शराब पानीपत से पटना लाया जा रहा था, जिसे टेहटा ओपी की पुलिस ने ओपी क्षेत्र के मीरा बीघा गांव के समीप धर दबोचा हैं। उन्होंने बताया के ट्रक चालक राजस्थान के सोडियार निवासी ओम प्रकाश बताए जाते हैं। वहीं उप चालक राजस्थान के ककराला निवासी प्रकाश कुमार बताए जा रहे हैं। कुछ दिन पूर्व भी टेहटा पुलिस ने तीन कन्टेनर से पटना ले जा रहे शराब के खेप को बरामद किया था। वही शनिवार के दिन 14 चक्का ट्रक से पानीपथ से पटना ले जा रहे शराब के खेप को जप्त किया है। जिसके बाद शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# गया के युवक की हत्या रेलवे ट्रैक पर मिला शव

- ❒ गया जिले के टिकारी शहर के बहेलिया बिगहा का रहने वाला था युवक
- ❒ युवक की पहचान बासुकिनाथ अवस्थी के पुत्र अंश अवस्थी उर्फ रानू के रूप में हुई है

**केटी न्यूज गया**

गया जिले के टिकारी शहर अंतर्गत बहेलिया बिगहा के रहने वाले एक 18 वर्षीय युवक का शव शनिवार सुबह गया-पटना रेलखंड पर मिला। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने गया पटना रेलखंड के ओर और नेयामतपुर हॉल्ट के पास रेलवे ट्रैक पर एक किशोर का शव बरामद किया। अपराधियों द्वारा किशोर के कनपटी में गोली मारकर हत्या कर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया था। मृत किशोर की पहचान जिले के टिकारी थाना क्षेत्र के बहेलिया बिगहा गांव निवासी बासुकिनाथ अवस्थी का 18 वर्षीय पुत्र अंश अवस्थी उर्फ रानू के रूप में किया गया। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की शाम अंश किसी से फोन पर बात करते हुए बाजार जाने के नाम पर घर से निकला था। जो देर शाम वापस नहीं लौटा तो परिजनों द्वारा खोजबीन की जा रही थी।

देर रात तक जब घर नहीं लौटा तो घर वालों में चिंता बढ़ने लगा। शनिवार की सुबह सूचना मिली की बेलागंज में ओर और नेयामतपुर हॉल्ट के बीच रेलवे ट्रैक पर एक किशोर का गोलीमार कर हत्या कर शव फेंका हुआ है। सूचना के बाद आनन फानन में परिजन बेलागंज पहुंचे और शव की सिनाख्त की गई। घटना की सूचना के बाद बेलागंज थाना पहुंचे मृतक के चाचा जगरनाथ अवस्थी ने बताया कि गांव के कुछ लोगों के साथ जमीनी विवाद चल रहा था। जिसे लेकर कई बार हत्या की धमकी भी दी गई थी।

# खुदकुशी : तांत्रिक का लांछन लगाये जाने से परेशान चल रहे बुजुर्ग का कुंडी से लटका मिला शव

**केटी न्यूज गया**

**आरा।** भोजपुर के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के कुरमुरी गांव में एक बुजुर्ग ने ग्रामीणों के तांत्रिक होने के ताने से तंग आकर जान दे दी। शुक्रवार की देर रात उन्होंने अपने घर में खुदकुशी कर ली। उनका शव रस्सी के सहारे छत के कुंडी से लटका मिला। मृतक कुरमुरी गांव निवासी स्व. देवराज रवानी के 65 वर्षीय पुत्र बैजनाथ रवानी थे। परिजनों के अनुसार वह ओझा-गुनी होने का लांछन लगाने जाने और लोगों के ताने एवं प्रताड़ना से परेशान चल रहे थे। उस कारण डिप्रेशन में आकर उन्होंने ऐसा कदम उठाया है। पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गयी है। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि रात में एक बुजुर्ग द्वारा खुदकुशी किये जाने की सूचना मिली थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना की छानबीन की जा रही है। परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वैसे पुलिस भी अपने स्तर से जांच कर रही है। इधर, बुजुर्ग के पोता



कृष्णा कुमार ने बताया कि गांव के कुछ लोगों की ओर से उन पर ओझा और तांत्रिक होने का आरोप लगाया जा रहा था। गांव में किसी काम से जाते थे, तो गांव वालों द्वारा उनके साथ मारपीट भी की जाती थी। उससे वह मानसिक रूप से काफी तनाव में चल रहे थे। उन्हीं सब बातों से तंग आकर शुक्रवार की रात गले में रस्सी के सहारे छत के कुंडी से लटक कर उन्होंने खुदकुशी कर ली। उसका छोटा भाई गाय के बछड़े को देखने के लिए उनके कमरे की तरफ गया, तो देखा कि वह छत के कुंडी से लटके हुए हैं।

## एक नजर

### जहानाबाद में युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर दे दी जान

**केटी न्यूज जहानाबाद।** जहानाबाद से एक युवती द्वारा आत्महत्या का मामला सामने आया है। युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर जान देने की कोशिश के दौरान गंभीर रुप से घायल हो गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं युवती के मौत के बाद उसके पिता और पति एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। दरअसल, जहानाबाद के कड़ौना हॉल्ट के पास शनिवार की दोपहर एक युवती ने ट्रेन के सामने कूदकर जान देने की कोशिश की। इस घटना में वह बुरी तरह घायल हो गई। वहीं रेल पुलिस की मदद से उसे जहानाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई।वहीं पूछताछ में युवती के पिता ने बताया कि वह सुखनंदन चक गांव का रहने वाला है। उसकी बेटी ने प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद लड़का की तरफ से घर बनाने के लिए पैसों की मांग की जा रही थी। शुक्रवार को इसी बात को लेकर पिता और पुत्री में बहस हुआ था। जिसके बाद पिता ने बेटी को एक थप्पड़ लगा दिया था। बता दें कि, पिता ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी के पति के द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। जिससे गुस्सा होकर उसने आत्महत्या की कोशिश की और मौत को गले लगा लिया। वहीं पति का आरोप है कि पिता की पिटाई से परेशान युवती ने आत्महत्या की है। घटना की पीछे की सच्चाई तो पूरी जांच के बाद ही पता चलेगा। लेकिन सच यह है छोटे-मोटे विवाद की वजह से एक युवती की जान चली गई। बताते चलें कि एक साल पहले युवती ने प्रेम विवाह किया था। अब पति और पिता एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं।

### छह डकैती की घटना को अंजाम देने वाला मुख्य सरगना गिरफ्तार

**केटी न्यूज पटना।** बिहार पुलिस इन दिनों काफी सक्रिय है। पुलिस कई मामलों में कार्रवाई कर फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर रही है। इसी क्रम में पटना पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नवंबर 2022 में हुए 10 दिनों के अंदर 6 डकैती की घटनाओं को अंजाम देने वाले मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद निहाल के रुप में हुआ है। बता दें कि, पुलिस ने मुख्य आरोपी के साथ अन्य चार आपराधियों की भी गिरफ़्तारी की है। इस पुरे मामले की जानकारी देते हुए पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि यह बड़ा अंतरराज्यीय गैंग है। जिसके द्वारा लगातार ट्रक लूट ,वाहनों की लूट ,डकैती की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। एसएसपी ने बताया कि, गुप्त सुचना के आधार पर पुलिस ने इन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देसी पिस्टल, नौ जिंदा कारतूस, एक चोरी की बाइक बरामद किया है। पुलिस ने पटना में घटना को अंजाम देने के पहले इस गैंग के मुख्य सरगना सहित सभी तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने बताया कि, इन अपराधियों के ऊपर नालंदा ,भोजपुर ,वैशाली और पटना में 25 कांड दर्ज है। वहीं फुलवारी में सरगना मोहम्मद के द्वारा 6 डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। पटना पुलिस के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।

### हत्या मामले में केस दर्ज होने के एक महीने बाद जिंदा मिली विवाहिता

**केटी न्यूज आरा।** हत्या मामले में केस दर्ज होने के एक महीने बाद विवाहिता जिंदा मिली है। मायके वालों ने जहां अपनी बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए विवाहिता के ससुरालवालों पर केस दर्ज कराया था, वहीं अब ससुरालवाले अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए विवाहिता को लेकर थाने पहुंच गए और पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बहू की हत्या नहीं की है। मामला भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र से जुड़ा है। अब पुलिस बरामद विवाहिता प्रियंका देवी का कोर्ट में 164 के तहत बयान दर्ज कराएगी। हालांकि, वह अभी कुछ बोल पाने की स्थिति में नहीं है। जानकारी के अनुसार, बक्सर जिले के रघुनाथपुर गांव निवासी विजय शंकर मिश्रा की पुत्री प्रियंका की शादी साल 2018 में उदवंतनगर निवासी स्व.वीरेन्द्र पांडेय के पुत्र मुकेश पांडेय के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही मुकेश अपनी पत्नी को प्रताड़ित करता था। महिला को घर से प्रताड़ित कर भगाया भी गया, जिसके बाद वह मायके में ही रहती थी। इसको लेकर विवाहिता प्रियंका ने मार्च 2022 में महिला थाना में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई थी, जिसमें उसने पति और गोतनी पर प्रताड़ित करने और मारपीट का आरोप लगाया था। विवाहिता का आरोप था कि उसके पति का अपनी भाभी से अवैध संबंध है। शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित किया जाता है। गर्भवास्था के दौरान भी पति द्वारा मारपीट करने का आरोप है।

## केंद्र सरकार के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत व्यापारी सम्मेलन का आयोजन

# मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर बढ़ रहा है देश का गौरव : नंदकिशोर यादव

**केटी न्यूज जहानाबाद**

केंद्र सरकार के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत शनिवार को जहानाबाद में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विजय प्रसाद ने की। मंच संचालन जिला महामंत्री अनिल ठाकुर ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव उपस्थित हुए। नंदकिशोर यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 9 साल में किए गए विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार गरीब शोषित एवं वंचितों के कल्याण हेतु समर्पित है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व देश का गौरव विश्व पटल पर लगातार बढ़ रहा है। वहीं सांस्कृतिक विरासत को प्राथमिकता के आधार पर सरकार ने स्थापित करने का काम किया है। भारत के आधारभूत संरचना को मजबूत करते हुए भारत के सपनों को साकार कर रही है। उन्होंने सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का एक-एक कर व्यापारियों को बताए। इस अवसर पर भाजपा के जिला




अध्यक्ष अजय कुमार देव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जहानाबाद जिले में पूरी तरह से प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों को गांव-गांव तक प्रचार और प्रसार में लगे हैं और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 9 साल में काम किया है उसको जन जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। धन्यवाद ज्ञापन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष शैलेश कुमार ने किया। इसमें चेंबर ऑफ कॉमर्स के कैलाश पोद्दार, शेखर शर्मा, अजय गुप्ता, रवि चंद्रवंशी आदि व्यवसायियों के साथ संवाद हुआ। इस कार्यक्रम में लोकसभा प्रभारी सीडी शर्मा, जिला प्रभारी शंभूनाथ केसरी, जहानाबाद भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शशि रंजन, जिला उपाध्यक्ष कृष्णकांत राय शैलेश कुमार, जिला महामंत्री धीरज कुमार, विजय सिंह, जिला मंत्री ब्रजेश कुमार, सर्वेश कुमार वर्मा ,मुन्नी देवी ,मनोज पासवान ,महेंद्र कुमार जिला कोषाध्यक्ष जेपी केसरी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार, नगर मंडल महामंत्री संतोष कुमार एवं सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं वर्ग के लोगों के साथ सहभोज का भी आयोजन हुआ।

## खबरें फटाफट

### जन शिक्षण संस्थान ने आयोजित की निबंध प्रतियोगिता



**केटी न्यूज/बक्सर**

जन शिक्षण संस्थान बक्सर के जी–20 जन भागीदारी पखवाड़ा कार्यक्रम के दसवें दिन सभी केन्द्रों पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जी–20 विषय पर आयोजित इस निबंध लेखन कार्यक्रम में छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया था। इस दौरान सभी प्रतिभागियों द्वारा निबंध लेखन किया गया। संस्थान के चेयरमैन उक्त कार्यक्रम में निबंध लेखन को देखते हुए कहा कि जी–20 प्रभावशीलता और स्थिरता के मामले में कई फायदे पेश करती है। यह निबंध आधुनिक निर्माण प्रक्रियाओं में इसके महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करते हुए संघनन की अवधारणा में तल्लीन है। उन्होंने कहा कि यह विभिन्न उद्योगों में इसके प्रयोगों की पड़ताल करता है। इस दौरान जनशिक्षण संस्थान के जिले के सभी केन्द्रों पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागी मौजूद रहे। चेयरमैन ने कहा कि निबंध प्रतियोगिता छात्रों के सर्वांगीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इससे लेखन कला के विकास के साथ ही छात्र–छात्राओं की राइटिंग व सोचने की शक्ति का विकास होता हैं। छात्रों में प्रतिस्पर्धी विचार धारा मजबूत होने के साथ ही उनका आत्मबल भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि निबंध लेखन कला परीक्षा में भी सहयोगी होता है तथा छात्रों का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंनें प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्राओं की हौसलाअफजाई की तथा उनके बेहतर भविष्य की कामना भी की। जानकारी के अनुसार इस निबंध प्रतियोगिता को सफल बनाने में सभी केन्द्रों की अनुदेशिका का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिसमें नैनीजोर की संगीता देवी, पोखरहा की फूलमती कुमारी, चौसा की सिंधु देवी, अजमेरी खातून, मझरिया की पुष्पा देवी, बासुदेवा की ममता कुमारी, सिमरी की चंदा देवी, कील सिविल लाइन गीता देवी, उनवास की संगीता देवी, बाली सोनवर्षा की संगीता देवी, नैनीजोर की पिंक्की कुमारी, कांट की किरण देवी, इटाढ़ी की मीना देवी समेत अन्य अनुदेशिकाओं ने सराहनीय भूमिकाएं निभाई। इसके साथ ही कार्यक्रम की सफलता को लेकर जन शिक्षण संस्थान जिला कार्यालय के संजय कुमार सिंह, कार्यालय सहायक प्रभास केशरी, कुमार अविनाश, अनूप, रीना सिंह, बिंदु कुमारी, सोनी कुमारी ने भाग लिया।

# नगर परिषद चुनाव की मतगणना से पहले चौक-चौराहों पर चलती रही मनगणना

- अब किस्मत जनता के हवाले कर प्रत्याशी व उनके समर्थक आगे की तैयारी में जुटे
- सभी लोग यह मान रहे है बहुत कम अंतर से ही होगा जीत हार का निर्णय

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद चुनाव में 60 फीसदी मतदाताओं ने शहर की सरकार बनाने के लिए वोट में भागीदारी निभाई। मतदान के बाद इवीएम बक्सर के बाजार समिति में बने व्रजगृह में देर रात तक पहुंचाया गया। निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतगणना रविवार को की जाएगी। इधर मतगणना से पूर्व शहर के चौक-चौराहों पर प्रत्याशी और उनके समर्थक मनगणना में जुटे रहे। पूरे दिन प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों द्वारा हार-जीत का गुणा-भाग लगाया जाता रहा। चाय-पान की दुकानों पर भी हार-जीत की चर्चा शुरू हैं। हालांकि मतगणना के बाद साफ होगा कि किसके खाते में जीत और किसके हाथ शिकस्त आयी। दरअसल नगर परिषद चुनाव में अधिकांश मतदाता खुलकर सामने नहीं आये, जिसके कारण प्रत्याशी मतदाताओं का रुख नहीं भांप सके। कई प्रत्याशियों ने जनसपंर्क और प्रचार-प्रसार कर मतदाताओं को अपने पक्ष में रिझाने का



प्रयास किया लेकिन शहर की राजनीत होने के कारण ज्यादातर मतदाता खुलकर सामने नही आये और चुपचाप वोट देने में विश्वास किया। मतदाताओं की खामोशी से कई प्रत्याशियों की बेचौनी बढ़ गयी हैं। मतदान की फीसदी और मतदाता सूची के हिसाब से वोटों का मिलान कर हार-जीत का गणित समर्थक लगा रहे हैं। कई प्रत्याशी अपनी जीत को पक्का मान रहे है तो कई प्रत्याशी अपने व्यवहार के बदौलत जीत का दांवा ठोक रहे है। हालांकि इस बार प्रत्याशियों को चुनाव परिणाम के लिए ज्यादा इंतजार नही करना पड़ेगा क्योंकि रविवार को मतगणना की जायेगी. मतगणना की सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। बता दें कि डुमरांव नगर परिषद चुनाव के कुल 278 प्रत्याशियों की वोटिंग प्रक्रिया शुक्रवार की शाम समाप्त हो गयी। चेयरमैन, उप चेयरमैन समेत कुल 35 वार्डों के पार्षदों के लिये शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच मतदान संपन्न हुआ। पहली बार नगर निकाय के लिये चेयरमैन और उप चेयरमैन चुनने के लिए मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस बार के चुनावी अखाड़े में डुमरांव नगर पर्षद के चेयरमैन पद के लिए 16, उप चेयरमैन के लिए 19 और वार्ड पार्षद पद के लिए 243 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

# प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बाजार समिति में होगी मतगणना

- डुमरांव नगर परिषद व इटाढ़ी नगर पंचायत के लिए बनाए गए हैं 14-14 टेबल
- मतगणना केन्द्र पर लागू रहेगी धारा 144
- प्रत्याशी व उनके मतगणना एजेंटों को मोबाईल व कैलुकेटर के अलावा किसी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं

**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार को संपन्न हुए डुमरांव नगर परिषद व इटाढ़ी नगर पंचायत चुनाव की मतगणना रविवार को बक्सर बाजार समिति में होगी। इसकी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। मतगणना के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। प्रत्याशियों तथा उनके मतगणना एजेंटों के लिए भी जिला निवार्ची पदाधिकारी द्वारा गाइड लाइन जारी किये गये हैं। उन्हें मोबाईल तथा कैलुकेटर के साथ ही किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं हैं। इटाढ़ी नगर पंचायत के लिए 5 तथा डुमरांव नगर परिषद के मतगणना के लिए कुल 14 टेबल बनाए गए हैं। मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगी।

बताया जा रहा है कि इटाढ़ी की मतगणना तीसरे राउंड में खत्म हो जाएगी। वहीं डुमरांव का छठे राउंड तक चलेगा। बता दें कि इटाढ़ी में 15 जबकि डुमरांव में 85 मतदान केन्द्रों पर हुए चुनाव का मतगणना करना हैं। बक्सर सदर



एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को निर्धारित समय से मतगणना शुरू हो जाएगी। मतगणना के लिए तीनों पदों के लिए अलग अलग मतगणना हाल बनाया गया है। पहले राउंड का रिजल्ट आधे घंटे के अंदर जारी कर दिया जाएगा। जबकि चेयरमैन और उप चेयरमैन का फाइनल रिजल्ट डुमरांव के छठे और इटाढ़ी के तीसरे राउंड के बाद जारी किया जाएगा।

थ्री लेयर की जांच के बाद प्रत्याशियों व अभिकताओं को मिलेगी इंट्री निकाय चुनाव के मतगणना के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।मतगणना स्थल पर धारा 144 भी लागू रहेगा। मतगणना केन्द्र के बाहर प्रत्याशियों के जुलूश निकालने पर रोक रहेगी। वही मतगणना केन्द्र पर उपद्रव या अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रहेगी। प्रशासन द्वारा मतगणना स्थल पर थ्री लेयर की सुरक्षा घेरा बनाया है। प्रत्याशियों और उनके मतगणना अभिकर्ता को इस थ्री लेयर की जांच से गुजरने के बाद ही मतगणना कक्ष में एंट्री मिलेगी। मतगणना स्थल पर प्रत्याशियों को मोबाइल फोन और कैलकुलेटर ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। वे सिर्फ कागज और कलम ले जा सकते हैं।

बाजार समिति रोड में चलेगी सिर्फ पुलिस प्रशासन की वाहन

मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए प्रशासन द्वारा कई एहतियाती कदम उठाए गए है। इसी कड़ी में बाजार समिति रोड में नो एंट्री लागू किया गया हैं। मतगणना के दौरान सिर्फ पुलिस और प्रशासन की वाहनें ही चलेगी। निजी व यात्री वाहनों को चलाने पर रोक रहेगी। पूर्व संध्या पर ही प्रशासन द्वारा अंबेडकर चौक तथा पांडेयपट्टी रेलवे क्रासिंग के पास बैरियर लगा दिया गया हैं। रविवार को पूरे दिन बैरियर लगा रहेगा।



## एक नजर

### चुनाव के अगले दिन बाजार में पसरा रहा सन्नाटा

**केटी न्यूज/डुमरांव।** निकाय चुनाव के अगले दिन डुमरांव में पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। शुक्रवार को चुनाव के दौरान सुबह से शाम तक शहर गुलजार था। भीषण गर्मी व लू के बावजूद पूरे दिन बाजार में चहल पहल बनी हुई थी। चाय नाश्ते, मिठाई दुकानों तथा होटल और रेस्ताराओं में भी लोगों की अच्छी खासी संख्या थी। लेकिन शनिवार को शहर में वीरानगी सी छाई रही। कई दुकानें तो पूरे दिन बंद रहीं। हालांकि सुबह व शाम में कुछ देर के लिए सड़कों तथा दुकानों पर भीड़ जरूर दिखाई दे रही थी। इस दौरान सिर्फ चुनाव परिणामों पर ही चर्चा हो रही थी। लोग अपने संभावित प्रत्याशियों को जीत का दावेदार बता रहे थे। प्रतिघात की आशंका से सहमें थे प्रत्याशी रू मतगणना की पूर्व संध्या पर प्रत्याशियों को सबसे अधिक चिंता प्रतिघात की सता रही थी। चुनावी मैदान में मजबूती से खड़े प्रत्याशियों को यह चिंता सबसे अधिक थी। बता दें कि चुनाव के दौरान सबसे अधिक वही लोग धोखा देते है जो सबसे करीब रहते हैं। वहीं मतदान के दो दिन पहले से ही नगर परिषद क्षेत्र में कई तरह की चचाएं चल रही थीं। लोग सुबह में किसी और का तो दोपहर और शाम में किसी और प्रत्याशी का नाम ले रहे थे। जिस कारण प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ी रही। राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें तो घात-प्रतिघात के कारण ही डुमरांव नगर परिषद के चयेरमैन तथा कई वार्डों में पार्षदों का चुनाव काफी रोचक हो गया है तथा हार जीत का अंतर भी बहुत कम रहने वाला है। कई प्रत्याशी ऐसा कहते सुने गए कि यदि फलाने जगह या मोहल्ले के लोग ईमानदारी से साथ दिए होंगे तो मेरी जीत निश्चित है।

### कृतपुरा में गंगा किनारे मिला युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/बक्सर ।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कृतपुरा गांव में शनिवार की सुबह एक युवती की लाश मिली। उसकी उम्र तकरीबन 25 वर्ष है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले पहचान में जुट गई। लेकिन जब घंटो के प्रयास के बाद पहचान नहीं हो सकी तो पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दी। वही पुलिस द्वारा उसके शव को विभिन्न साइबर सेनानी ग्रुपों में भेज पहचान का प्रयास किया जा रहा हैं। जानकारी के अनुसार कृतपुरा में गंगा नदी के किनारे उक्त युवती के शव को सुबह में स्थानीय ग्रामीणो ने देखा। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। वैसे उसके पहनावे तथा रंग रूप को देख आशंका जताई जा रही हैं कि युवती मानसिक रूप से विक्षिप्त होगी। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसके मौत के कारणों का पता चल सकता हैं। फिलहाल पुलिस उसके शिनाख्त का प्रयास कर रही हैं।

### सोनवर्षा ओपी में जनता दरबार लगा दो मामलों का हुआ निष्पादन



**केटी न्यूज/नावानगर।** सोनवर्षा ओपी में शनिवार को जमीन विवाद के निपटारे के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें कुल दो मामले पहुंचे। जिसकी सुनवाई करते हुए राजस्वकर्मी अमितेश रंजन राय ने सीओ के मार्गदर्शन पर दोनों मामलों का निष्पादन किया। पहला मामला कड़सर के रामगहनगंज में मकान में बंटवारा को लेकर रामवचन सिंह एवं बच्चा लाल सिंह के बीच काफी दिनों से विवाद चला आ रहा था। जनता दरबार में इस मामले की सुनवाई के बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति से बंटवारा करने पर राजी हुए। वही दूसरा मामला कड़सर के मुन्ना राम एवं शिवनाथ चौधरी के बीच रास्ता को लेकर विवाद था। जिसपर दोनों पक्ष ने आपसी समझौता से जमीन की मापी कराकर रास्ता निकालने की फैसला लिया। इस संबंध में अंचल राजस्वकर्मी अमितेश रंजन राय ने बताया कि जनता दरबार में पहुंचे दोनों मामलों का सुनवाई के बाद निष्पादन कर दिया गया है। मौके पर एएसआई विष्णुदेव पासवान, जाकिर अंसारी समेत ओपी के सभी कर्मी मौजूद थे।

### डुमरांव में सड़क किनारे खड़ी बाइक चोरी, मामला दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय शहर के स्टेशन रोड स्थित अंजान ब्रम्ह बाबा मंदिर के समीप सड़क किनारे खड़ी एक बाइक पर उचक्कों ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ित कोरानसराय का रहनेवाला कृतेश कुमार तिवारी बताया जाता है। पीड़ित ने इस मामले में डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह अंजान ब्रम्ह बाबा मंदिर के समीप सड़क किनारे अपनी बाइक को खड़ा कर एक टाइल्स दुकान में टाइल्स का रेट पता करने चला गया। जब थोड़ी देर बाद वापस लौटा तो बाइक उस जगह से गायब थी। पीड़ित ने बाइक की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं अता-पता नही चला। बाइक का नंबर बीआर 24 आर 4922 बताया जाता है।

### पीड़ियां गांव में आपसी विवाद में मारपीट, चार पर केस दर्ज

**केटी न्यूज/डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के पीड़ियां गांव में आपसी विवाद को लेकर एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीडियां गांव निवासी शशिकांत ओझा की पत्नी सुनीता देवी ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गयी है। पीड़िता ने पुलिस को दिये गये लिखित आवेदन में बताया है कि हमारे पड़ोसी जीतन ओझा, चंदन ओझा, जितेंद्र, सोनू आदि मेरे दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। जब मैनें इसका विरोध किया तो मेरे परिवार के साथ धक्का-मुक्की करते हुए लाठी-डंडे से पिटाई कर दी।

## समन्वयकों व सलाहकारों की हड़ताल से बीज वितरण हो रहा प्रभावित

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के कृषि समन्वयक और तीनों किसान सलाहकारों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से किसानों को धान के बीज का वितरण में बाधा उत्पन्न हो रही है। जानकारी के अनुसार ग्रेड पे में बढ़ोतरी को लेकर कृषि समन्वयक और किसान सलाहकार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। कृषि समन्वयक और किसान सलाहकारों के हड़ताल से बीज वितरण का कार्य प्रभावित हो रहा है। बता दे कि प्रखंड में एक कृषि समन्वयक और तीन किसान सलाहकार कार्यरत है। इनके हड़ताल से पीएम किसान सम्मान योजना के आवेदकों का भौतिक सत्यापन, ई–केवाईसी आदि काम भी ठप हो गया है। किसान संतोष कुमार आर्य, मदन गोप, अनिल महतो आदि का कहना है कि अगर समय से बीज नहीं मिला तो फसल अच्छी नहीं होगी। किसानों ने बताया की धान का बिचड़ा डालने के लिए खेतों की तैयारियां शुरू हो गई है। ऐस में समय से बीज ना मिलने से खेती पिछड़ जायेगी। इस संबंध में किसान सलाहकारों कि वेतन बढ़ोतरी और ग्रेड पे तथा जनसेवक पद पर समायोजन की मांग को लेकर राज्य स्तरीय हड़ताल किया गया है। वही प्रखंड कृषि पदाधिकारी परमानंद सुमन ने कहा कि कृषि समन्वयक और किसान सलाहकारों के हड़ताल से बीज वितरण का कार्य प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर बीज उपलब्ध हो सके इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि बीज वितरण के कार्य में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक और सहायक तकनीकी प्रबंधक का सहयोग लिया जा रहा है।

## हत्यारोपी कैदी की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने लगाए आरोप

- हत्या के आरोप में 2018 से जेल में बंद थे राजकुमार पंडित

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर केंद्रीय कारा में बंद एक हत्यारोपी कैदी की मौत इलाज के दौरान हो गई है। उसकी मौत के बाद परिजनों ने जेल प्रशासन व सदर अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक की पहचान रोहतास जिले के 65 वर्षीय राजकुमार पंडित के रूप में हुई हैं तथा वे 2018 से सजायाफ्ता कैदी है। पिछले वर्ष ही उन्हें रोहतास के बिक्रमगंज जेल से बक्सर केन्द्रीय कारा शिफ्ट किया गया था। उनके एक और पुत्र भी इसी जेल में सजा काट रहे हैं। मृतक के पुत्र ने जेल प्रशासन एवं अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए



कहा कि समय से इलाज के अभाव में बुखार जैसी मामूली बीमारी में उनके पिता की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि उनकी मौत के बाद जेल प्रशासन द्वारा जो तर्क दिया जा रहा हैं उसपर यकीन करना मुश्किल हैं। यदि ठीक से उनका इलाज कराया गया होता तो वे जीवित रहते। लेकिन जेल प्रशासन ने अपनी गलती का ठिकरा सदर अस्पताल प्रबंधन पर फोड़ा है। जानकारी के अनुसार उन्हें 24 मार्च 2022 केंद्रीय कारा बक्सर लाया गया था। गुरूवार को कारा प्रशासन ने उनके परिजनों को तबीयत खराब होने की सूचना दी, जब उनके पुत्र सदर अस्पताल में उन्हें देखने पहुंचे तो उनका शरीर बुखार से तप रहा था और ऑक्सीजन चढ़ाने के नाम पर केवल पाइप लगाकर छोड़ दिया गया था। पुत्र ने बताया कि इसकी शिकायत के बाद भी सदर अस्पताल के डाक्टरों द्वारा ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं की गई। जबकि उन्हें आक्सीजन की सख्त जरूरत थी।

बक्सर कारा में ही बंद उनके पुत्र रवि शंकर पांडेय ने बताया कि, इलाज के नाम पर सदर अस्पताल के डाक्टरों ने सिर्फ खानापूरी कर उन्हें पीएमसीएच रेफर कर दिया था। जबकि जेल प्रशासन द्वारा कहा जा रहा है कि पीएमसीएच में उन्हें एडमिट नहीं किया गया।

## लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने पार्टी कार्यालय में की प्रेस कांफ्रेंस, बोले...

# बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन डॉक्यूमेंट जनता के सुझावों से बनेगा मजबूत

**केटी न्यूज/बक्सर**

लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन डाक्यूमेंट पर प्रकाश डाला। उन्होनें कहा कि इस पर लोजपा जनता का सुझाव आमंत्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि 3 वर्ष पहले ही बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन की रूपरेखा बना ली गई थी। जिसमें युवाओं के बेहतर शिक्षा से लेकर रोजगार, उद्योग, पलायन व भ्रष्टाचार मुक्त बिहार तक कि व्यवस्था कि गई हैं।



स्वास्थ्य कैसे बेहतर हो, किसानों कि समस्या को भी जोड़ा गया है और बिजली कि समस्या को लेकर लोकजनशक्ति पर्टी रामविलास संघर्ष कर रही है। जिसके कारण आज के दिन में बिजली बिल कम हुआ। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अभी पार्टी स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर संघर्ष करेगी। इसको लेकर बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन में जनता अपना सुझाव देकर बिहार को कैसे और विकसित हो सके और बिहार का गौरव शाली इतिहास कैसै प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि सपनों का बिहार कैसे बनेगा इसकी रूपरेखा बनाई जा चुकी है। इस दिशा मे लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कमर कस लिया है। बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए हर वह समस्या दूर किया जाए जिसके जनता से राय मांगी जा रही है।

उन्होंने जिलेवासियों से बिहार को कैसे विकसित बनाया जाए इस पर सुझाव मांगते हुए कहा कि इस राय को बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन डॉक्यूमेंट मे शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस दिन जनता ने लोजपा रामविलास को सरकार बनाने का मौका दिया व चिराग पासवान बिहार के मुख्यमंत्री बने तो लोजपा रामविलास जनता को विश्वास दिलाती है कि बिहार को विकसित राज्य की श्रेणी में लाने का काम किया जाएगा, न कि विशेष राज्य के दर्जे की भीख मांगी जाएगी। उन्होंने जनता की राय के लिए व्हाट्सऐप नम्बर 70917-76636 जारी किया। जिसमें कोई भी बिहारी अपना सुझाव दे सकते हैं। इस मौके पर संजय कुमार पासवान, अरूण कुमार पासवान, ओमजी मिश्रा, गोलु पांडेय, संजीव राय, ठाकुर भानुशंकर सिंह, मनोज सिंह, नौशाद आलम, जयकिशुन पासवान, मिकू राय, पुनम मिश्रा, गुडु चौबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सुविचार


भागवत गीता

क्रोध या गुस्सा करना व्यक्ति के दिमाग में उथल-पुथल पैदा कर देता है।

बड़ी खबर पिटाई से घायल युवक की मौत, चक्का जाम

केशव टाइम्स
बक्सर, 11 जून 2023

बलिया/गाजीपुर/मऊ

website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com



## खबरें फटाफट

### 5 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का प्रयास, केस दर्ज

**पकड़ी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की देरशाम पड़ोसी किशोर द्वारा पांच वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।
आरोप है कि पड़ोसी किशोर शुक्रवार की देर शाम पांच वर्षीय बालिका के घर पहुंचा। उस समय बालिका घर में खेल रही थी, जबकि परिजन घर से बाहर कोई काम कर रहे थे। बालिका को अकेला देख किशोर उसे बहला फुसलाकर घर के एक कोने में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। बालिका के रोने की आवाज सुन घर के बाहर काम कर रहे परिजन मौके पर पहुंच गए। इस बीच उक्त किशोर वहां से भाग निकला।

### पुलिस कस्टडी में नंदनी की मौत की मजिस्ट्रीयल जांच

**गाजीपुर।** पुलिस द्वारा गाजीपुर लाते वक्त संदिग्ध परिस्थितियों में हुई नंदनी की मौत के मामले में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बीते दिनों मजिस्ट्रीयल जॉच का आदेश दिया था। जिसे एडीएम ने शुरू कर दी है। डीएम ने इस गंभीर प्रकरण की न्यायिक जांच कराए जाने के लिए जिला जज को पत्र भेजा है। बता दें कि छह जून 2023 को रात्रि के वक्त करीब ढाई बजे श्रीमती नन्दनी यादव पत्नी विकास यादव उर्फ विक्की निवासी ग्राम मधुबन थाना खानपुर गाजीपुर को थानाध्यक्ष खानपुर संजय कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ थाना चंदवक जनपद जौनपुर से उठाकर गाजीपुर ला रहे थे। इसी समय रास्ते में पुलिस कर्मियों एवं नन्दनी से नोकझोक की बात कही जा रही है। इसके बाद पुलिस कस्टडी में नन्दनी की मृत्यु हो गई।

# डीएम व एसपी ने सुनी पीड़ितों की फरियाद, शिकायतों के जल्द निस्तारण का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

शासन के निर्देश पर पीड़ित व्यक्तियों को न्याय देने एवं उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रत्येक द्वितीय शनिवार को ₹थाना दिवस₹ का आयोजन किया जाता है। इसके तहत डीएम आर्यका अखौरी एवं एसपी ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में नंदगंज थाने में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी गई। साथ ही शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

थाना दिवस के मौके पर कुल 23 फरियादियों ने अपनी शिकायतें लिखित रूप में दी। जिसमें से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष के निस्तारण के लिए संबंन्धित अधिकारी को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू -



माफियाओं के विरूद्ध एंटी भू माफिया एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कड़ी कार्रवाई की गई और गरीबों के पट्टे आदि की भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि लेखपाल एवं हल्का सिपाही आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए एक-दूसरे का मोबाइल नंबर अपने पास रखे तथा टीम बनाकर प्राप्त शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि शिकायतों का निर्धारित समय में निस्तारण न किए जाने पर सम्बन्धित लेखपाल एवं पुलिस अधिकारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## समाधान दिवसः मऊ में उप जिलाधिकारी ने सुनी पीड़ितों की समस्या

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार चौधरी ने पीड़ितों की समस्या सुनते हुए मामलों का निस्तारण करने हेतु संबंधित विभाग के लोगों को प्रार्थना पत्र देकर गुणवत्ता एवं स्वच्छता पूर्वक निस्तारण हेतु निर्देश दिया। इस मौके पर पढ़े कुल 10 प्रार्थना पत्रों में से किसी भी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। समाधान दिवस पर नगर पंचायत वालीदपुर निवासी मूलचंद शिवचंद सुदर्शन एवं परसोत्तम ने प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई कि उनके विपक्षी ने उनका जमीन पर लगाया पत्थर उखाड़कर फेंक दिया। विरोध करने पर गाली दिए तथा मारे पीटे। इस दौरान एसडीएम ने प्रार्थना पत्र पढ़ने के पश्चात राजस्व निरीक्षक एवं पुलिस को भेज कर इसकी आख्या मांगी है। जिससे पीड़ित को स्वछता पूर्वक न्याय मिले जबकि ज्यादातर प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग के ही थे। इस मौके पर एसडीएम द्वारा स्थानीय नगर पंचायत एवं विद्युत विभाग से संबंधित कोई भी अधिकारी समाधान दिवस पर उपस्थित ना होने पर एसडीएम ने इनसे स्पष्टीकरण



भी मांगा है। दोसर पर पुलिस उपाधीक्षक डॉ अजय विक्रम सिंह प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी समेत तहसील के समस्त राजस्व निरीक्षक लेखपाल आदि लोग मौजूद रहे।

## दुग्ध एफपीओ व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला का आयोजन

# संगठन बनाकर करें दूध का उत्पादन मिलेगी ऋण की सुविधा: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया**

महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए दुग्ध एफपीओ के माध्यम से एक कार्यशाला का आयोजन विकासखंड बांसडीह में किया गया। बांसडीह की विधायिका केतकी सिंह और जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। विधायिका ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी महिलाएं अपने घर में गाय भैंस रखकर दुग्ध उत्पादन का काम करती ही है। अगर यह सभी लोग एक साथ मिलकर एफपीओ से जुड़कर एक संगठन बना लें तो उनका दूध उत्पादन ना केवल बढ़ेगा अपितु उसकी अच्छी कीमत भी मिलेगी। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने भी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसमें कुछ लोग एक साथ मिलकर एक संगठन बनाते हैं और किसी एक प्रकार के उत्पादन पर जोर देकर उसका उत्पादन करते हैं और उसे कंपनी को बेचते हैं। कहा कि आप लोग एफपीओ से जुड़कर अपने मवेशियों का दूध उत्पादन बढ़ाए और उसे दुध कंपनी को बेच कर न केवल अच्छा मुनाफा कमा सकती है बल्कि अपनी आर्थिक स्थिति में भी सुधार ला सकती है। आप लोगों को इस काम के लिए सरकार से ऋण भी मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, एसपी राजकरण नय्यर, पीडीएस दिनेश कुमार मौर्य उपस्थित थे।




### थाना दिवस पर डीएम और एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने बांसडीह कोतवाली में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित राजस्व विभाग की टीम और पुलिस विभाग की टीम को निर्देश दिया कि राजस्व के मामले में राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम जाकर मौका मुआयना करने के उपरांत ही मामले का निपटारा करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मामले का निपटारा करते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि लोगों को एक ही काम के लिए बार-बार न दौड़ाया जाए और जल्द से जल्द उनके मामले का निपटारा किया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बांसडीह, सीईओ बांसडीह उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने जिला चिकित्सालय स्थित पीड़ित महिलाओं के लिए बने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था ठीक ना होने पर नाराजगी जताई और जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिया की यहां पर साफ सफाई की व्यवस्था ठीक कराई जाये। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्टाफ रजिस्टर देख कर निर्देश दिया कि यहां पर 10 स्टाफ मौजूद है परंतु मौके पर केवल एक स्टाफ तैनात है। उन्होंने जिला प्रोवेशन अधिकारी से कहा कि स्टाफ को बढ़ाया जाए और सेंटर की निगरानी रखी जाए।

पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने भी कहा कि यहां पर महिला पुलिस की टीम उपस्थित रहेगी जिससे कि किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इस सेंटर पर पीड़ित महिलाओं को अस्थाई रूप से 5 दिन का संरक्षण दिया जाता है। साथ ही उन्हें पुलिस, चिकित्सा और कानूनी सहायता भी प्रदान की जाती है। जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण के कारण जिला चिकित्सालय के कर्मचारियों के बीच कुछ समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।

## एक नजर

### राजकीय पीजी कॉलेज के पूर्व उपाध्यक्ष की गोवा में सड़क दुर्घटना में मौत



**मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना क्षेत्र के संत गणिनाथ पीजी कालेज के पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष आनंद विश्वकर्मा पुत्र शंभू नाथ शर्मा उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी सराय पोस्ट हलीमाबाद मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ जो मुहम्मदाबाद एवं करहा में कोचिंग सेंटर चलाते हैं। इस समय छुट्टी होने के चलते वह गोवा में रह रहे अपने भाई के पास गए थे। शुक्रवार की दोपहर वहां के किसी मित्र के साथ बाइक पर बैठकर बाजार जा रहे थे कि अचानक इनके बाइक के सामने एक जानवर आ गया। जिससे टकराकर यह सड़क पर गिरकर बुरी तरह से गिर कर घायल हो गए । जिनकी थोड़ी ही देर बाद घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक आनंद विश्वकर्मा चार भाइयों में से सबसे छोटे भाई थे।

### गाजीपुर के लंका मैदान में किसान सभा का 25वां राज्य सम्मेलन संपन्न

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश किसान सभा का 25वां राज्य सम्मेलन शुक्रवार को लंका मैदान गाजीपुर में संपन्न हुआ। सम्मेलन में प्रदेश के 40 जिलों के 350 प्रतिनिधियों ने भाग लिया सम्मेलन के अंतिम सत्र में 75 सदस्य राज्य काउंसिल का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें सभी जिलों की भागीदारी सुनिश्चित की गई।सम्मेलन समाप्ति के बाद नवनिर्वाचित राज्य काउंसिल की बैठक भी आयोजित की गई।जिसमें सर्वसम्मति से इम्तियाज बैग अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजेंद्र यादव पुनः महामंत्री चुने गए। अध्यक्ष व महामंत्री सहित 13 सदस्य राज्य मंत्रिपरिषद का भी चयन सर्वसम्मति से किया गया। सम्मेलन के संयोजक राजेंद्र यादव द्वारा आए हुए प्रतिनिधियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सम्मेलन का समापन करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कुमार अंजान ने कहा कि समय की मांग है कि देश के समस्त किसान संगठन मिलकर किसान विरोधी सरकार का मुकाबला करें। किसान सभा के जिलाध्यक्ष जनार्दन राम और किसान सभा के जिला मीडिया प्रभारी घूरा यादव, उपाध्यक्ष रामकेर यादव, संगठन मंत्री सुरेंद्र राम ने भी धन्यवाद ज्ञापित किया। लोगों ने कहा कि गाजीपुर जनपद में बंद पड़ी नंदगंज की चीनी मिल, बड़ौरा की कताई मिल, पोस्ते की खेती का लाइसेंस, 10000 पेंशन, एमएससी की गारंटी, कृषि उपज की लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए तथा गाजीपुर में विश्वविद्यालय स्थापित करने की मांग को लेकर भविष्य में किसान सभा प्रदेश में बड़ा आंदोलन करेगी। नई राज्य काउंसिल की अध्यक्षता अशोक तिवारी ने की।

### राष्ट्रीय ताईक्वांडो में विशाल ने जीता कांस्य



**गाजीपुर।** सैदपुर तहसील क्षेत्र के औड़िहार निवासी विशाल कुमार ने दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में छह जून से चल रही एसजीएफआई राष्ट्रीय सीनियर ताईक्वांडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर जनपद और प्रदेश का मान बढ़ाया है। विशाल ने उत्तर प्रदेश की टीम का नेतृत्व करते हुवे 45 किग्रा में यह उपलब्धि हासिल की। विशाल गैबीपुर स्थित गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी में कोच अमित कुमार सिंह के संरक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और देवचंदपुर स्थित संत बुला वीरेंद्र इंटर कॉलेज में 12वीं के छात्र हैं। विशाल के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने की खबर पाते ही विशाल की मां पद्मावती देवी और पिता सुभाष गोंड के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। विशाल के कोच व गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रबंधक अमित कुमार सिंह ने बताया कि विशाल प्रतिभावान व अनुशासित खिलाड़ी है।

### प्रदेश में कानून का राज पूरी तरह समाप्त: अजय राय



**गाजीपुर।** कांग्रेस पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय राय ने शहीद पार्क मुहम्मदाबाद में शनिवार को अपने काफिले के साथ पहुंचे। उन्होंने अष्ट शहीदों को नमन किया। इसके बाद अमर शहीद डॉक्टर शिवपूजन राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रांतीय अध्यक्ष श्री राय को तहसील मुख्यालय पर पहुंचते ही स्थानीय कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं शहीद समिति के सदस्य आनंद राय संकृत के नेतृत्व में माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से उनका स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेसी नेता अजय राय ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज पूरी तरह समाप्त हो गया है। यह समाज के लिए ठीक नहीं है। लोगों को अपनी बात रखने तक का मौका नहीं मिल पा रहा है।

### एसडीएम ने किया थाना का निरीक्षण, मचा हड़कंप

**गाजीपुर।** कासिमाबाद उप जिलाधिकारी अश्वनी पांडेय ने शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर थाना परिसर में धमक पड़े। इस दौरान उन्होंने गाड़ी से उतरते ही परिसर का निरीक्षण शुरू कर दिया। जिससे थाना परिसर में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ने थाने के महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर रूम, हवालात, भोजनालय, कार्यालय, थाना के शस्त्रागार, परिसर , बैरक, अभिलेखों सहित साफ-सफाई, रंगाई-पुताई आदि का निरीक्षण कर उचित दिशा निर्देश दिया। पुलिस कर्मियों से कहां कि किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। थाने में आए हर एक व्यक्ति से सही बात व्यावहार होना आवश्यक है। महिला हेल्प डेस्क पर महिला फरियादियों व अन्य आए लोगों से बातचीत कर जानकारी ली। इस अवसर पर सीओ कासिमाबाद बलिराम, थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक राजेश त्रिपाठी, विवेक पाठक, आनंद कुमार समेत समस्त पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# पिटाई से घायल युवक की मौत, लोगों ने किया चक्का जाम

**केटी न्यूज/सिकंदरपुर**

सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के रामपुर कटराई चट्टी के समीप विगत 3 मई को हुई मारपीट में घायल युवक की शुक्रवार की शाम 7 बजे बीएचयू वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन शव लेकर जैसे ही घर पहुंचे। पूरे गांव में कोहराम मच गया। शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज होकर लखनापार चट्टी पर सिकन्दरपुर नगरा मार्ग को जाम कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची कई थानों की फोर्स ने समझा-बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। लेकिन लखनापार गांव की सैकड़ों पुरुष एवं महिला सिकन्दरपुर थाने पहुंच हंगामा शुरू कर दिए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। थानाध्यक्ष दिनेश पाठक के आश्वासन देने के बाद भी महिलाएं थाने पर डटी रही।



जानकारी के अनुसार सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के लखनापार गांव निवासी देवा उम्र 17 वर्ष पुत्र मुन्ना राजभर 3 मई को रामपुर गांव में सट्टे पर खाना बनाने के लिए गया था, वहां से वह अपने गांव के ही अभिषेक राजभर के साथ वापस घर आ रहा था अभी वह रामपुर कटराई चट्टी के समीप पहुंचा ही था कि पहले से घात लगाए आधा दर्जन युवकों ने उसे घेरकर लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान देवा के साथ आ रहा उसका सहकर्मी ने वहां से भागकर लोगों को सूचना दिी। जब तक गांव के लोग पहुंचते तब तक हमलावर भाग चुके थे। देवा को लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे मऊ लेकर चले गए। जहां से चिकित्सक ने उसे वाराणसी रेफर कर दिया। परिजन उसे बीएचयू में ले जाकर इलाज करा रहे थे। इसबीच शुक्रवार की शाम 7 बजे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

**मृतक की मां ने लगाया आरोप:** मृतक की मां कबूतरी देवी व भाई दिलावर राजभर ने आरोप लगाया कि घटना के दिन ही चार युवकों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी गई थी। पुलिस ने हल्की धारा में मुकदमा दर्ज कर शांतिभंग में चालान कर दिया, जहां से आरोपियों की उसी दिन जमानत हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# पूर्व सांसद अफजाल अंसारी के आम के बगीचे की हुई नीलामी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पूर्व सांसद अफजाल अंसारी की भांवरकोल ब्लॉक के धनेठा गांव में कुर्क की गई बेनामी भूमि संपत्ति में 10 बीघा में लगे आम के बगीचे के फलों का नीलामी तीसरी बार तहसील सभागार मोहम्मदाबाद में शनिवार को नायब तहसीलदार विश्राम यादव की देखरेख में शुरू की गई। इस बार आम के फलों की नीलामी की प्रक्रिया को तहसील प्रशासन किसी तरह ओने -पौने दामों में गिरकर मात्र एक लाख दस हजार में लगभग 40 पेड़ों पर लगे 50 कुंटल आम की नीलामी की प्रक्रिया संपन्न की गई । नीलामी की प्रक्रिया में कुल चार ग्रामीण एवं व्यापारी वर्ग ने प्रतिभाग किया। नीलामी की प्रक्रिया एक लाख से शुरू होकर दूसरी बोली में एक लाख दस हजार पर समाप्त हुई। अंतिम बोली हरिओम राय ग्राम माचा ने लगाई। जिसे तहसीलदार विश्राम यादव ने फाइनल करते हुए इस आम की नीलामी की प्रक्रिया को पूरा किया ।

विदित हो कि यह नीलामी की प्रक्रिया पिछले 31 मई फिर सात जून और तीसरी बार 10 जून को तिथि मुकर्रर की गई। तब जाकर तीसरी बार में आखिर तहसील प्रशासन को कच्चे आम का भाव पता चला। वही नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले लोगों का कहना था कि यदि पहले दिन ही तहसील प्रशासन फलों के रेट एवं भाव के बारे में सही आकलन कर लेता तो आज सरकार को इतना घाटा नहीं उठाना पड़ता।

## बलिया में ऐतिहासिक महावीरी झंडोत्सव पर गूंजता रहा जय श्रीराम का नारा

# राम अखाड़ा से निकाला गया पहली का जुलूस, युवाओं ने दिखाए करतब

**केटी न्यूज/सिकंदरपुर**

ऐतिहासिक महावीरी झंडोत्सव के तहत शुक्रवार की रात को नगर में राम अखाड़ा के पहली का जुलूस निकाला गया। जिसमें लाठी डंडो से लैस सैकड़ों युवाओं व अन्य लोगों ने भाग लिया तथा एक से बढ़कर एक करतब दिखाया। बता दें कि शुक्रवार की रात्रि करीब 9 बजे नगर के महावीर स्थान से भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गणेश प्रसाद सोनी व दुगार्दास के नेतृत्व में निकला जुलूस सोनार पट्टी,पुराना पोस्ट ऑफिस,जलपा चौक, रशीदिया चौक,मोहल्ला भिखपुरा व बढा से गुजरते हुए मध्य रात में मोहल्ला डोमनपुरा



स्थित चतुर्भुजनाथ पोखरा के समीप ठाकुर जी मन्दिर के प्रांगण में पहुंचा। भ्रमण के दौरान जुलूस में शामिल युवाओं व किशोरों द्वारा रह रह कर जय महावीर एवं जय श्रीराम के नारों के उद्घोष से जहां नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया था। वहीं उसे जगह जगह रोका गया जहां उस में शामिल अस्त्र कला के पारंगतों ने तरह तरह के करतब दिखा कर भीड़ का भरपूर मनोरंजन किया। उधर ठाकुर जी मन्दिर प्रांगण में कुछ देर रुकने के बाद जुलूस पुनः वहां से प्रस्थान कर महावीर स्थान पर पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान जुलूस जिस रास्ते से गुजरता रहा वहां इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई थी।

इस अवसर पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन की तरफ से जहां अति संवेदनशील रशीदिया चौक व मोहल्ला भिखपुरा चौक को पुलिस छावनी के रूप में तब्दील करने के साथ ही अन्य आवश्यक स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं उपजिलाधिकारी अरुण कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा,नायब तहसीलदार रजनीश सिंह, थाना प्रभारी दिनेश पाठक व चौकी प्रभारी रविन्द्र पटेल शुरू से अन्त तक जुलूस के साथ लगे रहे। जुलूस में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रयाग चौहान,डॉ उमेश चन्द,संजय जायसवाल राकेश सिंह राजकुमार जायसवाल,जितेश कुमार वर्मा,राकेश यादव,रामाशीष यादव,सतीश वर्मा,पवन वर्मा आदि प्रमुख लोग भी शामिल रहे।